तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता के लिए बजट में 500 करोड़ का प्रविधान : सुबोध उनियाल

जागरण संवाददाता, देहरादून : राज्य सरकार ने तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और अनेक क्षेत्र में सुधार के लिए बजट में 500 करोड़ रुपये का प्रविधान किया है। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के कैंपस संस्थानों का बहुत बड़ा महत्व है। यूटीयू का एक कैंपस संस्थान शीघ्र ही टिहरी जनपद के नरेंद्रनगर में स्थापित किया जा रहा है। जिसकी जल्द ही अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। शनिवार को झाझरा स्थित परिसर में यूटीयू के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने यह बातें कहीं।

सुबोध उनियाल ने कहा कि पिछले डेढ वर्षों से यूटीयू ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किए जाने की जो धारणा बनाई है, उससे विवि ने अपनी अच्छी पहचान बनाई है। यह अच्छे संकेत हैं। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी, रोबोटिक्स एजुकेशन, कंप्यूटिंग लर्निंग जैसे विषयों पर विवि को छात्र-छात्राओं के बीच अधिक से अधिक चर्चा करनी होगी, ताकि तकनीक का छात्र सही दिशा में उपयोग कर सकें। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने विवि परिसर में निर्मित लान टेनिस कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, कैंटीन भवन, ओपन जिम, स्टूडेंट्स लाउंज का लोकार्पण किया। साथ ही तकनीकी शिक्षा मंत्री के अलावा सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर व कुलपति प्रो ओंकार सिंह विवि के एकेडमिक काउंसिल भवन का भूमि पूजन भी किया। विवि की एल्यूमिनी मीट भी हुई। उल्लेखनीय कार्य करने वाले पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। स्मार्ट इंडिया हैकाथान-2023 में पिथौरागढ़ स्थित नन्हीं परी सीमांत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट की विजेता टीम को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने कहा कि विवि को माधो सिंह भडारी के व्यक्तित्व पर छात्रों के बीच परिचर्चा का एक सत्र रखना चाहिए। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो ओंकार सिंह, कुलसचिव प्रो सत्येंद्र सिंह, वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह, परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. मनोज कुमार पांडा मौजूद रहे।

यूटीयू के एकेडमिक काउंसिल भवन का भूमि पूजन करते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर व कुलपति प्रो ओंकार सिंह सौजन्य- विवि